# विजया बैंक

## (भारत सरकार का उपक्रम)

**मुख्यालय : बेंगलुरू – 560 001**

# भर्ती अधिसूचना सं. 04/2015

सार्वजनिक क्षेत्र का सशक्त तथा मध्यम आकार का बैंक, विजया बैंक, जिसका प्रधान कार्यालय बेंगलूर में है और जिसका देशभर में 1698 से अधिक शाखाओं तथा कार्यालयों का नेटवर्क है तथा बैंक के देश भर में काम कर रहे कर्मचारियों की कुल संख्या लगभग 15000 है।

23.10.1931 को स्थापित बैंक, विभिन्न ग्राहकों की विविध जरूरतों की पूर्ति के लिए नए और अभिनव उत्पागद प्रदान करने वाला अग्रणी बैंक है। बैंक ने अपनी प्लेटिनम जुबली वर्ष 2006 में पूरी की। यथा मार्च, 2015 को बैंक का कुल कारोबार ₹ 2.00 लाख करोड को पार कर गया जो बैंक के मिशन **'आधुनिक प्रोद्योगिकी द्वारा समर्थित एक प्रधान राष्ट्रीय बैंक के रूप में उभरने के लिए, पेशेवर बैंकिंग सेवाओं और निरंतर विकास के लिए राष्ट्रीय विकास में योगदान करने के साथ ग्राहकों की आकांक्षा को पूरा करने'** के अनुरूप रहा।

बैंक द्वारा **'परिवीक्षाधीन प्रबन्धक–सुरक्षा तथा परिवीक्षाधीन प्रबन्धक–राजभाषा'** के पदों की एमएमजी श्रेणी–II में भर्ती के लिए बैंक की बेब साईट **www.vijayabank.com** के जरिए आवेदन (सिर्फ आनलाइन) आमंत्रित किए जाते है।

तदुपरांत, ऑन–लाईन पंजीकृत आवेदन की मुद्रित प्रति (प्रिंट आउट) और संबंधित दस्तावेज "आन लाइन आवेदन की प्रक्रिया" के अधीन मद संख्याक (13) में उल्लिखित पते पर भेजें।

आवेदन पत्र अन्य किसी प्रारूप या माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**गतिविधियों की समय सारणी**

| क्र. सं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑन–लाईन पंजीकरण प्रारंभ होने की तारीख | 02.09.2015 |
| 2. | ऑन–लाईन पंजीकरण हेतु अंतिम तारीख<br>(दूर दराज क्षेत्रों सहित सभी आवेदकों के लिए) | 19.09.2015 |
| 3. | "कम्प्यूटर द्वारा जनरेट किए गए ऑन–लाईन आवेदन पत्र के प्रिंट–आउट"<br>प्राप्त करने के लिए अंतिम तारीख | 24.09.2015 |
| 4. | "कम्प्यूटर द्वारा जनरेट किए गए ऑन–लाईन आवेदन पत्र के प्रिंट–आउट<br>(दूर दराज क्षेत्रों से)" प्राप्ति करने के लिए अंतिम तारीख | 28.09.2015 |

**ऑन लाईन पंजीकृत आवेदन के प्रिंट आउट के साथ संबंधित दस्तावेज और फोटोग्राफ प्राप्ति न होने पर, ऑन लाईन पंजीकरण मान्य नहीं होगा.**

**1. पद का नाम/रिक्तियां :**

| पद कूट सं. | पद का नाम | वेतन मान श्रेणी | वेतनमान *(रुपये में) | रिक्तियों की संख्या | | | | | न्यूनतम आयु यथा 01.08.2015 | अधिकतम आयु यथा 01.08.2015 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजा | अजजा | अपिव | सामान्य | कुल | | |
| 01 | परिवीक्षाधीन प्रबन्धक–सुरक्षा | II | 31705–45950 | 4 | 2 | 6 | 12 | 24 | 20 वर्ष | 45** वर्ष |
| 02 | परिवीक्षाधीन प्रबन्धक–राजभाषा | II | 31705–45950 | 2 | 1 | 3 | 6 | 12 | 20 वर्ष | 35** वर्ष |

*इसके अलावा अधिकारी आवासीय सुविधा (म.कि.भ. के स्थान पर), छुट्टी नकदीकरण, छु.कि.रि. के बदले नकदीकरण, सवारी भत्ता, चिकित्सा सहायता, अस्पताल में भर्ती होने पर व्यय, सेवानिवृत्ति लाभ, बैंक के नियमानुसार रियायती दरों पर ऋण पाने के लिए भी पात्र होंगे. वे उदार कल्याणकारी योजनाओं तथा परिलाभों के लिए भी पात्र होंगे.

**उपरोक्त निर्धारित उम्र सीमा में सभी प्रकार की छूट शामिल है.

***** अधिकतम आयु सीमा में छूट :**

| क्र.सं. | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| (1) | अ.जा.ध्अ.ज.जा. अभ्यर्थी | 5 वर्ष |
| (2) | अ.पि.व. (क्रीमी लेयर से नीचे) | 3 वर्ष |
| (3) | 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू व कश्मीर राज्य में अधिवासित व्यक्ति | 5 वर्ष |
| (4) | शारीरिक रूप से असक्षम (पीडब्लूडी) | 10 वर्ष |
| (5) | 1984 के दंगों में मारे गए मृतकों के बच्चे/परिवार के सदस्य | 5 वर्ष |
| (6) | भूतपूर्व सैनिकों तथा कमीशन प्राप्त अधिकारियों जिसमें ईसीओ/एसएससीओ भी शामिल हैं तथा जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्षों की सैन्य सेवा पूर्ण कर ली हो और जिन्हें कार्य समाप्ति पर ( आवेदन प्राप्त करने की अंतिम दिनांक से अगले एक वर्ष के अंदर जिनका कार्य समाप्त होना हो, सहित) कदाचार या अक्षमता या सैन्य सेवा के लिए शारीरिक विकलांगता अथवा अशक्त होने के कारण बर्खास्तगी या मुक्ति को छोडकर मुक्त किया गया होरू (क) लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के जरिए चयन हेतु 5 वर्ष ख) केवल साक्षात्कार के जरिए चयन हेतु 3 वर्ष और सेना में सेवा की अवधि, बशर्ते सरकार द्वारा निर्धारित सीमा के अधीन हो। | |

अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट मद सी (3) से सी (6) के लिए संचयी आधार पर शेष श्रेणियों में से केवल एक ही लिए अनुमत है।

**नोट :**

(क) आरक्षित रिक्तियों के लिए पात्र/उपयुक्त अभ्यकर्थी न मिलने पर, सरकार के निर्देशों के अनुसार इन श्रेणियों में अंतर बदलाव करने का अधिकार बैंक के पास सुरिक्षित रहेगा।

(ख) रिक्तियों की संख्या तथा आरक्षित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार इनमें परिवर्तन हो सकता है।

शब्द संक्षेप से तात्पर्य :

अ.जा. – अनुसूचित जाति अ.ज.जा. – अनुसूचित जनजाति; अ.पि.व. – अन्य पिछडा वर्ग; सामान्य – अनारक्षित; पीडब्लूडी – शारीरिक रूप से असक्षम

**2. पात्रता मानदंड : राष्ट्रीयता / नागरिकता**

अभ्यर्थी को (i) भारत का नागरिक अथवा (ii) नेपाल की प्रजा अथवा (iii) भूटान की प्रजा अथवा (iv) तिब्बती शरणार्थी जो भारत में 0.1.01.1962 से पहले स्थाई रूप से बसने के उद्देश्य से आए हों अथवा (v) ऐसे भारतीय मूल के व्यक्ति जो पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, केन्या, युगांडा, संयुक्त गणतंत्र तंजानिया (पूर्ववर्ती तंगानियका व जंजीबार), जांबिया, मालावी, जाहा, इथोपिया जो पूर्वी अफ्रीका देशों तथा वियतनाम से भारत में स्थाई रूप से बसने के उद्देश्य से पारगमन करके आए हों, होना चाहिए, बशर्ते, उपरोक्त (ii), (iii), (iv तथा (v) वर्ग से संबद्ध अभ्यर्थियों के पक्ष में भारत सरकार ने योग्यता प्रमाण पत्र जारी किए हों. अभ्यर्थी, जिसके मामले में प्रमाण पत्र आवश्यक है, को बैंक द्वारा आयोजित साक्षात्कार में प्रवेश की अनुमति तो दी जा सकती है लेकिन उसका अंतिम चयन व नियुक्ति का ऑफर केवल भारत सरकार द्वारा आवश्यक योग्यता प्रमाण पत्र जारी कर देने के उपरांत ही दिया जाएगा।

| क्र.सं | विवरण | परिवीक्षाधीन प्रबन्धक–सुरक्षा | परिवीक्षाधीन प्रबन्धक–राजभाषा |
|---|---|---|---|
| 1 | **शैक्षिक अर्हता यथा 01.08.2015** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वद्यालय से स्नातक की डिग्री | हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ–साथ स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में पढा हो<br>अथवा<br>संस्कृत में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ–साथ स्नातक स्तर पर अंग्रेजी तथा हिंदी एक विषय के रूप में पढा हो |
| 2 | **अनुभव यथा 01.08.2015** | सेना/नौसेना/वायुसेना में 5 वर्षों की कमीशंड सेवा प्राप्त अथवा असिस्टेंट के पद से नीचे या 5 वर्षों की सेवा प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक/अधीक्षक अथवा 5 वर्षों की सेवा प्राप्त अर्द्धसैनिक बलों में समान रैंक के अधिकारी | सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/पीएसयू/केंद्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव |
| 3 | **चयन प्रक्रिया** | साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। तथापि, साक्षात्कार के अलावा बैंक के पास सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के आयोजन का अधिकार रक्षित है। केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के लिए बुलाए जाने के लिए अर्हता प्राप्त नहीं होगी। अभ्यर्थी की योग्यता, अनुभव, प्रोफाईल की तुलना में कार्य की अपेक्षाएं आदि के संदर्भ में प्रारंभिक स्क्रीनिंग/सूचीबद्ध किए जाने के बाद अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के लिए बुलाने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है। | |

**6. आवेदन शुल्क तथा डाक प्रभार (अप्रतिदेय)**

क. अजा/अजजा/पीडब्लूडी अभ्यिर्थियों के लिए ₹ 50 (सिर्फ डाक प्रभार के लिए).

ख. अ.पि.व. सहित अन्य सभी अभ्यिर्थियों के लिए ₹ 300 आवेदन शुल्क जिसमें ₹ 50/– का डाक प्रभार भी शामिल है।

**7. सामान्य अनुदेश :**

क) योग्यता/अनुभव : निर्धारित योग्यता/अनुभव न्यूनतम है। पद के लिए उपयुक्तर उच्च योग्यता रखनेवाले अभ्यभर्थी को सूचीबद्ध और साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के समय वरीयता दी जाएगी। यथा दिनांक 01.08.2015 को अभ्यर्थी निर्धारित शैक्षिक अर्हता प्राप्त किए हों।

ख) परिवीक्षा अवधि तथा क्षतिपूर्ति बांड : परिवीक्षा अवधि एक वर्ष है, तथापि नियुक्ति के समय अथवा उपरांत बैंक परिवीक्षा अवधि को घटा सकता है। चयनित अभ्यर्थी को बैंक में कार्यग्रहण करने के दिनांक से न्यूनतम 3 वर्षों की अवधि तक बैंक में कार्य करना होगा और कार्यग्रहण करते समय ₹ 3.00 लाख (तीन लाख मात्र) का क्षतिपूर्ति बांड इस अभिप्राय के साथ कि यदि वे निर्धारित 3 वर्षों की अवधि के पूरा होने से पहले बैंक की सेवाएं छोड देते है तो उपरोक्त ₹ 3.00 लाख की राशि का भुगतान करेंगे, का निष्पादन करना होगा।

ग) किसी आवेदन या पत्राचार का, डाक द्वारा विलंब या खो जाने के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है।

घ) चूंकि आवेदन को कम्पयूटरीकृत प्रणाली के जरिए संसाधित किया जाता है, यह अनिवार्य है कि आवेदन को निर्धारित प्रारूप और ठीक से एवं पूरी तरह से भरा जाता है और प्रिंटआउट में कोई सुधार/परिवर्तन/उपरिलेखन के बिना बैंक को भेजा जाता है।

ङ) पद के लिए आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में दिए पात्रता व अन्य मानदण्डों को पूरा करता/करती है। अभ्यर्थी की पात्रता, पात्रता की जॉच करने का स्तर, साक्षात्कार सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के लिए प्रस्तुतत किए जानेवाला प्रपत्र, चयन व भर्ती से संबंधित अन्य मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और वह अभ्यर्थी पर बाध्य होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार या वैयक्तिक पूछताछ बैंक स्वीकार नहीं करेगा।

च) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर यदि यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदण्ड पूरा नहीं कर रहा/रही है व/या उसने गलत/असत्य सूचना दी है अथवा किसी विषय को छुपाया है तो उसका आवेदन रद्द किया जाएगा। भर्ती के बाद भी यदि कोई उपरोक्त कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बर्खास्ता करने योग्य होगी।

छ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों को निर्धारित फार्मेट में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र की प्रति नीचे विनिर्दिष्टि (क्रम संख्यात 8) के अनुसार भेजना होगा। तथापि, अभ्यर्थी को उन्हें साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के समय मूल जाति के प्रमाणपत्र/संगत प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनका आवेदन रद्द किया जाएगा।

ज) अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थी जो क्रीमी लेयर के अंतर्गत आते है, वे अ.पि.व. के आरक्षण के अधीन हकदार नहीं होंगे। वे अपना संवर्ग 'अनारक्षित' सूचित करें। अ.पि.व. ओबीसी प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में हो, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। प्रमाण पत्र में यह विशेष उल्लेख हो कि अभ्यर्थी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93–प्रतिष्ठान (एससीटी) (समय–समय पर संशोधित) की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लेखित सामाजिक उन्नत वर्ग के नहीं है अर्थात, आय के आधार पर क्रीमी लेयर खंड युक्त प्रमाण पत्र जो हाल ही में (एक साल से अधिक समय का न हो अर्थात 01.08.2014 को अथवा उसके बाद जारी किया गया हो) जारी किया गया हो, को आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जाए।

झ) संबंधित प्रमाण पत्र की प्रतियों के बिना प्रस्तुत आवेदन, या अपेक्षित या आवश्यक शुल्को रसीद (ई–रसीद) या निर्धारित प्रारूप में न होने पर या अभ्यर्थी के हस्ताक्षर न होने पर, या किसी भी प्रकार अपूर्ण होने पर, ऐसे आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ञ) वर्तमान पहचानने योग्य पासपोर्ट आकार का फोटो आवेदन पत्र पर चिपकाया जाना चाहिए और अभ्यर्थी द्वारा उस पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। उसी फोटो की तीन प्रतियां साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के समय में उपयोग के लिए रखा जाए। अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपना हुलिया न बदलने की सलाह दी जाती है। साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के समय उक्त फोटोग्राफ की अप्रस्तुति अयोग्येता मानी जा सकती है।

ट) सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के खर्च पर साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के लिए उपस्थित होना पडेगा। तथापि, साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा में भाग लेने के पात्र बाहरी स्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्लूडी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम मार्ग से आने और वापस जाने के लिए यात्रा के प्रमाण की प्रस्तुति पर, द्वितीय श्रेणी साधारण रेल/बस किराया खर्च अथवा वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति की जाएगी। साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा में उपस्थित होनेवाले अन्य संवर्ग के अभ्यर्थी तथा भारत सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/राज्य सरकार में नियुक्ति अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्लूडी अभ्यर्थियों को यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

ठ) सरकार/सरकारी उपक्रम (बैंक सहित) में कार्यरत अभ्यर्थी आवेदन की मुद्रित प्रति को समुचित माध्यम से प्रेषित करें तथा साक्षात्कार के समय नियोक्ता से जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र को साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के समय प्रस्तुत करें। प्रमाणपत्र के अप्रस्तुतीकरण पर अभ्यर्थी के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन के अग्रिम प्रति तथा शुल्क भुगतान (ई–रसीद) निर्धारित समय के अंदर प्रेषित भेजें।

ड) भारत में किसी भी स्थान पर सेवा करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ही आवेदन करें।

ढ) अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन करते समय ऑन–लाइन पंजीकृत किए गए पते/मोबाइल नम्बर/ई–मेल आईडी में भर्ती प्रक्रिया के दौरान बदलाव करने का कोई भी आग्रह स्वीकार्य नहीं होगा।

ण) इस विज्ञापन से उभरने वाले किसी भी परिणामी विवाद के लिए एकमात्र न्यायिक क्षेत्र बेंगलूर शहर में स्थित न्यायालय होंगे।

त) अलग से भेजे गए किसी भी प्रमाण पत्र/विप्रेषण के संबंध में बैंक की कोई जिम्मेगदारी नहीं होगी।

थ) यदि अंग्रेजी भाषा को छोडकर अन्य किसी भाषा के अनुवाद में भाषांतरण संबंधी कोई विवाद उभरता है तो अंग्रेजी पाठ को ही मान्य माना जाएगा।

द) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुरूप मेडिकल तौर पर फिट घोषित कर दिए जाने पर निर्भर करेगी। ऐसी नियुक्तियां बैंक के सेवा व व्यवहार नियमों पर भी निर्भर करेगी।

ध) बैंकिंग गतिविधियां बहुमुखी होती हैं, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को हरफन मौला के रूप में कार्य करने की आवश्यरकता होती है। इसी तरह बैंक में भर्ती हुए विशेषज्ञ अधिकारियों को भी बैंकिंग की विविध विधाओं का संपूर्ण ज्ञान रखने की जरूरत होगी, जिसके लिए बैंक स्टॉफ कालेज आदि में ऑन द जॉब/सैद्धांतिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा ताकि नए भर्ती किए गए विशेषज्ञ भी सभी प्रकार के बैंकिंग कार्य करने का सामर्थ्य हासिल कर सकें।

न) दुर्व्यवहार के दोषी पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई –

अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे सूचनाएं दर्ज करते समय कोई भी ऐसा विवरण व सूचनाएं प्रस्तुत नहीं करें जो असत्य हो या फेरबदल करके, कांटछांट करके तैयार किया गया हो या कोई सूचना न छुपाएं। साक्षात्कार/सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के दौरान, यदि कोई अभ्यर्थी निम्न प्रकार से दोषी पाया जाता है:

I. गलत तौर तरीकों का इस्तेमाल करते हुए या

II. किसी भी व्यक्ति के प्रतिरूपण करने या किसी व्यिक्ति द्वारा प्रतिरूपण करवाने या

III. साक्षात्कार स्थान पर दुर्व्यवहार करने या

IV. अपनी उम्मीदवारी और चयन के लिए कोई भी अनियमित अथवा अनुचित तरीका अपनाते है या

*अगले पृष्ठ पर जारी रहेगा ........*

पिछले पृष्ठ से जारी .........

V. किसी भी तरीके से अपनी उम्मीदवारी के लिए सहयोग प्राप्त करता है तो, ऐसे अभ्यर्थी अपराधिक अभियोग का सामना किए जाने के अलावा निम्नलिखित के लिए भी उत्तरदायी होंगे :

क. उनको साक्षात्कार / सामूहिक चर्चा अथवा परीक्षा के लिए आयोग्य ठहराया जा सकता है, जिसके लिए वे अभ्यर्थी है

ख. उनको बैंक द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा अथवा भर्ती से स्थाई रूप से या अवधि विशेष तक के लिए निष्कासित किया जा सकता है।

i) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा शुरू की गई विशेष योजना के अधीन स्वैच्छिक सेवानिवृत्त व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।

**8. अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.व. के लिए प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी निम्नानुसार है :**

(क) जिला मैजिस्ट्रेट / अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट / जिलाधिकारी / उपायुक्त / ताल्लुक मैजिस्ट्रेट / कार्यकारी मैजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त (ख) मुख्य प्रेसिडेंसी मैजिस्ट्रेट / अतिरिक्त मुख्य प्रेसिडेंसी मैजिस्ट्रेट / प्रेसिडेंसी मैजिस्ट्रेट (ग) तहसीलदार पद से कम न होनेवाले राजस्व अधिकारी (घ) उस क्षेत्र का उप–मंडल अधिकारी द्वारा जहां साधारणतया अभ्यर्थी तथा / अथवा उनका परिवार रहता है।

**9. आवेदन कैसे करें :**

उम्मीदवार **02.09.2015** से **19.09.2015** तक (दोनों तिथियों सहित) ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा आवेदन का अन्य कोई माध्यम स्वीकार नहीं होगा।

**क) ऑनलाइन आवेदन करने की पूर्व–अपेक्षा :**

आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी के पास :

I. वैध वैयक्तिक ई–मेल आईडी होना चाहिए, जिसे संपूर्ण भर्ती परियोजना के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए. यदि किसी अभ्यर्थी के पास वैध ई–मेल आईडी नहीं है तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अपना ई–मेल आईडी बनाना चाहिए और इस ई–मेल खाते को अनुरक्षित रखना चाहिए। तीसरे व्यक्ति का ई–मेल आईडी अनुमत नहीं होगा।

II. ऑनलाइन आवेदन में प्रविष्टि के लिए शैक्षिक योग्यता, योग्यता प्राप्त करने के बाद कार्य का अनुभव तथा अन्य वैयक्तिक ब्यौरे तैयार रखने चाहिए।

III. बैंक की वेबसाइट में उपलब्ध कराए गए अनुबंध–I में निर्धारितानुसार अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्कैन करना चाहिए।

IV. अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी हालत में अन्य व्यक्तियों के साथ इस भर्ती परियोजना के लिए विशिष्ट रूप से उत्पन्न किया गया अपना लॉग–इन / यूजर आईडी न बांटे।

**अप्रतिदेय आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार (केवल ऑनलाइन माध्यम से देय) :**

| आवेदक का संवर्ग | देय राशि |
|---|---|
| अ.जा. / अ.ज.जा. / पीडब्लूडी अभ्यर्थी | ₹ 50 / – (डाक प्रभार) |
| अ.पि.व. सहित अन्य सभी के लिए | ₹ 300 / – (आवेदन शुल्क तथा डाक प्रभार) |

आवेदन शुल्क / डाक प्रभार के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक प्रभार, यदि कोई का अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जाएगा।

नोट : आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन के अलावा किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन शुल्क / डाक प्रभार के लिए प्राप्त डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर चेक / इंडियन पोस्टल आर्डर जैसे विलेख किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन शुल्क / डाक प्रभार अप्रतिदेय है तथा एक बार अदा किए जाने के बाद किसी भी आधार पर वापस नहीं किए जा सकते हैं और न किसी अन्य परीक्षा अथवा चयन के लिए सुरक्षित रखे जा सकते हैं।

**ख) ऑनलाइन आवेदन हेतु प्रक्रिया :**

1. पात्र अभ्यर्थियों को बैंक की वेबसाइट www.vijayabank.com में जा कर "करियर" के तहत लिंक पर क्लिक करके **"भर्ती अधिसूचना सं. 04 / 2015 – अधिसूचना तथा ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक"** पर पहुचना होगा।
2. तदुपरांत पात्र अभ्यिर्थी को लिंक पर क्लिक करना होगा।
3. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में अपनी मूल जानकारी प्रविष्ट करनी होगी। अभ्यर्थियों को अनुबंध–I में फोटो तथा हस्ताक्षर स्कैन करने हेतु दिए गए मार्गनिर्देशों के अनुसार अपना फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड करना होगा।
4. फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड के बाद आवेदन प्रपत्र का एक अतिरिक्त पेज प्रदर्शित किया जाएगा, जहाँ अभ्यर्थियों को अनुदेशों का पालन करना होगा तथा मांगा गया विवरण भरना होगा।
5. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में विवरण सावधानीपूर्वक सही स्थानों पर भरना होगा तथा ऑनलाइन आवेदन प्रारूप के अंत में दिए गए Submit बटन पर क्लिक करना होगा। अभ्यर्थियों का Submit बटन पर क्लिक करने से पहले आवेदन में भरे गए हर फील्ड की जांच करने की सलाह दी जाती है।
6. आवेदन प्रपत्र पेमेंट गेटवे के साथ जुडा हुआ है।
7. भुगतान केवल मास्टर / वीजा डेबिट अथवा क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग के जरिए ही किया जा सकता है।
8. यदि ऑनलाइन लेन–देन सफलता पूर्वक कर लिया गया हो तो, एक पंजीकरण संख्या उत्पन्न होगी। अभ्यर्थी को अपनी पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड भावी संदर्भ हेतु नोट कर लेनी चाहिए।
9. ऑनलाइन लेन–देन सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर एक ई–रसीद उत्पन्न होगी।
10. यदि ऑनलाइन लेन–देन सफलता पूर्वक नहीं हुआ है तो निम्नलिखित संदेश दिखाई देगा "आपका ऑनलाइन लेन–देन असफल था, कृपया पुनः पंजीकरण करें"। अभ्यर्थी तब फिर से "Apply online" लिंक पर जाएं तथा अपना आवेदन विवरण पुनः प्रस्तुत करें।
11. अभ्यर्थियों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिनांक से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम दिनांक तक शुल्क भरने के लिए इंतजार न करें ताकि वे इंटरनेट फेलियर / वेबसाइट जैम / कंजशन / चोकिंग की वजह से डिसकनेक्टिविटी / बैंक की वेबसाइट में लॉग करने में असमर्थता / चूक की संभावयता से बच सके।
12. बैंक अभ्ययर्थियों द्वारा उक्त कारणों से अंतिम तिथि के अंदर या बैंक के नियंत्रण से परे किसी भी अन्य कारण के लिए अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं होने के लिए किसी भी प्रकार की कोई जिम्मे दारी नहीं लेगा।
13. ऑनलाईन आवेदन करने के बाद, अभ्यर्थी कम्प्यूटर उत्पन्न ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन प्रिंटआउट प्राप्ते करें. सभी प्रकार से पूर्ण कम्प्यूटर से प्राप्त ऑनलाईन पंजीकृत आवेदन पत्र के प्रिंट आउट की प्रति को सामान्य डाक से बंद लिफाफे में उसके ऊपर **"APPLICATION FOR THE POST OF PROB- MANAGER & SEURITY/ PROB- MANAGER& RAJBHASHA 2015 & 2016 in Vijaya Bank"** लिखते हुए निम्नलिखित पते पर भेजना चाहिए :

**विजया बैंक**
**पी.ओ. बॉक्स नं. 5136,**
**जी.पी.ओ. बेंगलूरू –560001**

**नोट :**

- ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में भुगतान की सूचना प्रस्तुत करने के बाद दोहरे भुगतान से बचने के लिए "बैक" या "रिफ्रेश" बटन नहीं दबाएं।
- क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए सभी मूल्य भारतीय रूपए में सूचीबद्ध किए गए हैं। गैर–भारतीय क्रेडिट कार्ड के मामले में, बैंक राशि को इसकी वर्तमान विनिमय दरों पर रूपए में परिवर्तित करेगा।
- डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कृपया कार्य समाप्त होने पर ब्राउज़र विंडो बंद कर दें।

**ग)** आवेदन का पंजीकरण सफलतापूर्वक होने पर अभ्यर्थी को, एक पंजीकरण संख्या और पासवर्ड, ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में विनिर्दिष्ट उसकी ई–मेल आईडी / मोबाइल नम्बर पर ई–मेल तथा एसएमएस के जरिए सिस्टम जनरेटेड पावती के रूप में सूचित किया जाएगा। **यदि अभ्यर्थी को उसके द्वारा विनिर्दिष्ट ई–मेल आईडी / मोबाइल नम्बर पर ई–मेल अथवा एसएमएस के जरिए सूचना प्राप्त नहीं होती है, तब उसे यह मानना चाहिए कि उसका ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक पंजीकृत नहीं हुआ है।**

**नोट :**

(क) अभ्यर्थी को आवेदन के साथ आवेदन की हार्ड प्रति जिस पर स्कैन किए गए फोटो के साथ हाल ही में खींची गयी फोटो चिपकाई गयी हो तथा जिस पर उचित स्थान पर हस्ताक्षर किए गए हों, को नीचे उल्लिखित प्रमाणपत्रों की प्रतियों (केवल सत्यापित प्रमाणपत्र की प्रतियाँ) को सामान्य डाक के जरिए भेजना होगा :

i. आयु के प्रमाण के रूप में सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट / स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र / 10वीं का या अन्य कोई आयु हेतु दस्तावेजी साक्ष्य।

ii. शैक्षिक अर्हता के समर्थन में 10वीं / एसएसएलसी, 12वीं / पीयूसी, स्नातक डिग्री, सीए, स्नातकोत्तर डिग्री, व्यावसायिक अनुसंधान, आदि के मार्क्स शीट (वर्षवार) विशेष रूप से अध्ययन किए विषय को दर्शाते हुए प्रमाणपत्र।

iii. अनुभव प्रमाणपत्र, जिसमें पदनाम / ग्रेड स्केल, जॉब प्रोफाईल, सेवा की अवधि निर्दिष्ट करते हुए (विशिष्ट तिथियों, परिलब्धियों, पिछले और वर्तमान नियोक्ता के गतिविधि प्रोफाइल, आदि के साथ)

iv. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडे वर्ग / पीडब्लूडी / भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र / पत्रों, जहां कहीं लागू हो।

(ख) यह सुनिश्चित करने के लिए कि संगत विवरणों सहित आवेदन पत्र समापन तारीख से पहले पहुंच जाते हैं सरकारी कार्यालयों में कार्यरत अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे मूल शुल्क भुगतान चालान के साथ कम्प्यूटर उत्पन्न आवेदन पत्र अग्रिम रूप में ही प्रस्तुत करें।

(ग) जब तक ऑनलाईन पंजीकृत कम्प्यूटर से निकाले आवेदन प्रिंट आउट की हार्ड प्रति अपेक्षित शुल्क भुगतान चालान के साथ विधिवत हस्ताक्षर और संबंधित प्रमाणपत्र के साथ संलग्न कर साधारण डाक से प्राप्त नहीं होता है, तब तक ऑन लाईन पंजीकरण मान्य नहीं होगा।

**10. आवेदन प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि :**

उपरोक्त पते एवं डाक बाक्स संख्या पर आवेदन दिनांक **24.09.2015** को या उससे पहले पहुंचना चाहिए। विदेश में रहने वाले अभ्यर्थियों और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, मिनीकॉय द्वीप, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख डिवीजन, लाहौल और स्पीति जिला और पांगी तथा हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के उप–विभाजन के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **28.09.2015** होगी। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

बैंक पारगमन में आवेदन गुम होना या आवेदन की अस्वीकृति के लिए निर्धारित की गई तारीख को या उससे पहले आवेदन न मिलने की वजह से नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**11. साक्षात्कार तथा / अथवा सामूहिक चर्चा तथा / अथवा परीक्षा के लिए बुलावा पत्र :**

सूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थी बैंक की वेब साईट से बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकते हैं / सामान्य डाक द्वारा पत्राचार के लिए प्रिंट आउट के जरिए उनके द्वारा दिए गए पते पर बुलावा पत्र प्राप्त होंगे। तदुपरांत अलग पते पर पत्र भेजने के उनके अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**12. घोषणाएं :**

इस भर्ती परियोजना से संबंधित सभी अतिरिक्त घोषणाओं / विवरण बैंक की वेबसाइट (www-vijayabank-com) में समय–समय पर प्रकाशित / प्रस्तुत किया जाएगा। सभी आवेदकों को आगे की घोषणाओं / जानकारी के लिए, नियमित अंतराल पर बैंक की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

किसी भी रूप में सिफारिश को अपात्र माना जाएगा।

**दिनांक : 02.09.2015**
**स्थान : बेंगलूरू**

**ए.सी. स्वाई**
**महाप्रबंधक (कार्मिक)**

**बैंक की वेबसाइट : www.vijayabank.com**

## अनुबंध–1

**फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर स्कैन व अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश**

**फोटोग्राफ (4.5 से.मी x 3.5 से.मी) व हस्ताक्षर स्कैन व अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को चाहिए कि वे नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपने फोटोग्राफ व हस्ताक्षर के इमेज को स्कैन (डिजिटल) करके रखें।

**फोटोग्राफ इमेज :**

– फोटो हाल ही में लिया हो और पासपोर्ट शैली का रंगीन चित्र होना चाहिए।
– फोटो हल्के रंग के, अधिमानतः सफेद, पृष्ठभूमि पर रंगीन हो।
– आराम से कैमरे की ओर देखें।
– यदि तस्वीर दिन के धूप में लिया जाता है तो यह देखें कि सूरज आपके पीछे है या आप छाया में खडे रहे ताकि आपकी नजर सीधा हो।
– यदि फ्लैश का उपयोग कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि रेड आई (Red eye)नहीं हो।
– यदि आप चश्मा पहने हुए हों तो सुनिश्चित करें कि वहाँ कोई प्रतिबिंब नहीं हैं और अपनी आंखों को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।
– कैप, टोपी और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं हैं। धार्मिक सिर–पहने की अनुमति है, लेकिन यह अपने चेहरे को कवर नहीं करें।
– आयाम 200 x 230 पिक्सल होनी चाहिए (आवश्यक)
– फाइल का साइज 20 केबी से 50 केबी के बीच होना चाहिए
– सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 50 केबी से अधिक नहीं है. फाइल का आकार 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर का डीपीआई रेसोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि को सेट करें।

**हस्ताक्षर का इमेज :**

– आवेदक काली स्याही कलम से सफेद कागज पर हस्ताक्षर करें।
– हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किए जाने चाहिए और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं।
– हस्ताक्षर कॉल लेटर और जहां आवश्यक हो, लगाया जाएगा।
– अगर आवेदक के जवाब स्क्रिप्ट पर किए गए हस्ताक्षर, कॉल लेटर में किए गए हस्ताक्षर के साथ मेल नहीं खाता तो आवेदक को अयोग्य घोषित किया जाएगा।
– आयाम 140 x 60 पिक्सल होना चाहिए (आवश्यक)
– फाइल का आकार 10 केबी – 20 केबी के बीच हो।
– यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 20केबी से अधिक नहीं होता।
– बडे अक्षरों में किये गये हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होगा।

**फोटोग्राफ व हस्ताक्षर स्कैनिंग**

– स्कैनर रिसोल्यूशन को न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इंच) में सेट करें।
– रंग को ट्रू कलर में सेट करें
– फाइल का आकार ऊपर विनिर्दिष्ट रूप में हो।
– स्कैनर में इमेज को फोटोग्राफ / हस्ताक्षर के किनारे में क्रॉप करें तथा इमेज को अंतिम आकार (जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट) में क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें।
– इमेज फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में होना चाहिए। उदाहरण के लिए फाइल का नाम होगा : image01.jpg या image01.jpeg इमेज के आकार को फोल्डर फाइल को लिस्ट करके या फाइल इमेज के आइकन के ऊपर माउस को रखकर जाँच की जा सकती है।
– MS Windows / MS Office का प्रयोग करनेवाले अभ्यर्थी MS Paint या MS Office Picture Manager का उपयोग करते हुए क्रमशः 50केबी व 20केबी में फोटो और हस्ताक्षर .jpeg format में आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। फाइल मेनु में Save as option को उपयोग करते हुए फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैन्ड प्रति को .jpeg format में Save किया जा सकता है तथा क्रॉप को उपयोग करके 50केबी (फोटोग्रॉफ) तथा 20केबी (हस्ताक्षर) में घटाया जा सकता है तथा इमेज मेनु में resize option का उपयोग किया जा सकता है (pixel size के लिए कृपया ऊपर मद सं.1 और 2 देखें). अन्य photo editor में भी इस प्रकार के विकल्प उपलब्ध है।
– यदि फाइल आकार और प्रारूप निर्दिष्टानुसार नहीं है तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
– ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी को अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए प्रक्रिया**

– फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड के लिए दो अलग अलग लिंक उपलब्ध होगा।
– संबंधित लिंक पर क्लिक करें – ''फोटोग्राफ / हस्ताक्षर अपलोड''।
– ब्राउज करें और स्कैन फोटोग्राफ / हस्ताक्षर फाइल को सेव (save) किए गए स्थान का चयन करें।
– उस पर क्लिक करके फाइल का चयन करें।
– 'ओपन / अपलोड' बटन पर क्लिक करें।

**निर्दिष्ट रूप में आप अपनी फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने तक आपके ऑनलाइन आवेदन का पंजीकरण नहीं होगा।**

**नोट :**

(1) ऐसे मामलों में जहां फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो अभ्यर्थी के आवेदन को अस्वीकार किया जाएगा। ऑनलाईन आवदेन पर फोटोग्राफ / हस्ताक्षर को अपलोड करने के बाद, अभ्यर्थी जांच करें कि इमेज स्पष्ट है और सही तरीके से अपलोड किया गया है। ऐसे मामलों में जहां फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, अभ्यर्थी अपने आवेदन एडिट कर सकते हैं और फार्म प्रस्तुत करने से पहले फिर से फोटो या हस्ताक्षर को अपलोड कर सकते हैं।

(2) **अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे पंजीकरण के बाद कम्प्यूटर से उत्पन्न ऑनलाईन आवदेन का प्रिंटआउट निकालें।**